## लुकुइया में मनाया सोहराय पर्व



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। डुमर पंचायत अंतर्गत लुकुईया गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोहराय पर्व का आयोजन किया गया। आदिवासी समाज के लोगो ने अपनी पारंपरिक रीति रिवाज के साथ सोहराय पर्व मनाया। टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल, झामुमो के युवा नेता गौरव पटेल, मुखिया प्रतिनिधि सुजित रजक इस कार्यक्रम में शामिल हुए और लोगों को सोहराय पर्व की बधाई दी। प्रमुख संतोष मण्डल ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। गांव में सोहराय पर्व पर मिलन समारोह आयोजित कर ग्रामीणों ने अपनी संस्कृति को संरक्षण करने का सराहनीय कार्य किया है। शनिवार की सुबह आदिवासी समाज के लोग ढोल मांदर के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया। इसके दोपहर होते ही ढोल मांदर निकाल कर सांस्कृतिक संथाली समाज अपने परंपरा के साथ सोहराय पर्व मनाया। इस मौके पर बंशी मांझी, जगदेव प्रसाद, टेकलाल मांझी, महावीर मांझी, विजय मांझी, लखन मांझी, आदि शामिल थे।

## कारीचट्टान धाम में काली पूजा का आयोजन



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के झरपो में स्थित कारीझरना चट्टान धाम में काली पूजा धूमधाम से मनायी गयी। काली पूजा के अध्यक्ष दयाल प्रसाद एवं सचिव सुरेंद्र राणा के निगरानी में पुजारी सुरेश मिश्रा ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। पूजा-अर्चना के बाद बली का कार्यक्रम किया गया। उसके बाद हवन का कार्य किया गया। पूजा अध्यक्ष दयाल प्रसाद ने बताया कि कारिचट्टान धाम के प्रांगण में काली मां की प्रतिमा स्थापित है, जो प्रत्येक वर्ष माघ अमावश्या को काली पूजा धूमधाम से मनाते आ रहे है। इसी प्रांगण में कृष्णा जन्म अष्टमी पूजा धाम से मनाया जाता है और साथ मे पेड़ों का रक्षा बंधन किया जाता है। कारिचट्टान धाम पर्यटक स्थल के रूप में जाना जाता है। पूजा का प्रसाद का वितरण सुबह से ही प्रारंभ किया गया। पूजा को सफल बनाने में सीताराम साव,अनुज मिश्रा,धनेश्वर सिंह, प्रकाश सिंह, नीतू देवी, पिंकी देवी, सरजू प्रसाद, अशोक कुमार, सेवा महतो, बासुदेव महतो, रघुवीर सोनी समेत अन्य थे।

## मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति की बैठक संपन्न



चरही (आजाद सिपाही)। मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान कार्यालय मांडू चट्टी में केंद्रीय अध्यक्ष सा मुख्य संस्थापक जनाब शाहिद सिद्दीकी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन मांडू अनुमंडल बना संघर्ष समिति के प्रधान महासचिव श्री लाल धन महत्व द्वारा किया गया बैठक में विभिन्न मुद्दों एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक विचार किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 24 जनवरी 2023 को प्रधान कार्यालय मांडू में जननायक समाजवादी विचारक कपूरीं ठाकुर जी की जयंती धूमधाम से मनाया जायेगा साथ ही साथ 26 जनवरी गणतंत्र दिवस मांडू चट्टी स्थित प्रधान कार्यालय में 10:30 प्रातः झंडा तोलन किया जायेगा। साथ ही साथ वीर स्वतंत्रता सेनानी योद्धा जोगा मांझी जी की जयंती 7 फरवरी 2023 बलसागरा पंचायत सचिवालय में मनाया जायेगा। बैठक में मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति का कोर कमेटी गठन एवं संगठन विस्तार का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित राज हंसदा, मोहम्मद रिजवान, रितु लाल हंसदा, अमित कुमार, उमेश कुमार दास, सुनीता देवी, मुख्तार अहमद, विजय उरांव, शबाना खातून, सहदेव मुर्मू, सोनू मुर्मू, नरेश हेंब्रोम, दिलीप कुमार मिर्धा, भोलेश्वर भोक्ता, शिबू महतो, वासुदेव गंजू थे। धन्यवाद ज्ञापन सलमा खातून ने किया।

## बरही में कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा, विधायक हुए शामिल



बरही (आजाद सिपाही)। बरही प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के तहत यादव धर्मशाला से बरही थाना चौक से होते हुए बरही चौक पर सभा में तब्दील हो गई और वंहा नफरत छोड़ो भारत जोड़ो का जोरदार नारा लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा जिला के प्रभारी अजय सिंह ने कहा कि हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के कुशल नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 3,750 किलोमीटर की लम्बी राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम जारी है जो पूरी तरह से राष्ट्र हित में है। उसी तर्ज पर झारखंड प्रदेश के सभी 24 जिलों में प्रखंड, पंचायत से बुथ स्तर तक जारी रहेगा। केंद्र में मोदी सरकार का विरोध करते हुए विशिष्ट अतिथि तथा बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि मंहगाई चरम पर है। उसी तरह खाद्य सामग्री का मुल्य आसमान छू रही है। आम जनता को इस भीषण मंहगाई ने तो कमर ही तोड़ डाली है। धन्यवाद ज्ञापन दीपक गुप्ता ने किया। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, वरिष्ट कांग्रेस नेता विनोद यादव,विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, जिला मीडिया प्रभारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, झामुमो के केंद्रीय सदस्य विनोद विश्वकर्मा,मनोहर यादव, यमुना यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरूष एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

### विधायक ने मेयर और जिप अध्यक्ष संग नगर क्षेत्र में रखी 32 लाख की विकास योजनाओं की आधारशिला

# बनेगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा तो दुरुस्त होगी क्षेत्र की नाली

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता और नगर निगम के मेयर रोशनी तिर्की के साथ मिलकर नगर क्षेत्र में 32 लाख की विकास योजनाओं की आधारशिला रविवार को रखी। विधायक मनीष जायसवाल ने इसकी शुरूआत हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस चौक से की। जहां मेयर रोशनी तिर्की और स्थानीय वार्ड पार्षद विकास यादव एवं राजपूत समाज के वरिष्ठ लोगों की उपस्थिति में नगर निगम के नागरिक सुविधा मद अंतर्गत करीब 8 लाख रुपये की राशि से महाराणा प्रताप के प्रतिमा का प्रतिस्थापन कार्य का विधिवत शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर किया। तत्पश्चात नगर निगम क्षेत्र स्थित कॉलेज मोड़ के समीप चानो रोड़ पर जिला परिषद की 24 लाख 19 हजार की योजना संत कोलंबा कॉलेज मोड़ से अरण्य विहार होते हुए एनएच. तक नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता और स्थानीय वार्ड पार्षद निपम खलखो के साथ मिलकर सिलावट अनावरण करोड़ नारियल फोड़कर किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि नगर क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा प्रतिस्थापित होने से शहर का गौरव बढ़ेगा वहीं निगम क्षेत्र मैनाली दुरुस्त होने से जल निकासी की सुविधा बढ़ेगी।

### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

मौके पर विशेषरूप से सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद, संवेदक संघ के अध्यक्ष दीपक मेहता, पंकज सिंह, सुरेंद्र मेहता, प्रमोद सिंह, करण सिंह, विकास सिंह, सुनील सिंह राठौर, राकेश उपाध्याय, अनूप भाई वर्मा, विनोद यादव, मनोज यादव, अभिजीत पांडेय, आलोक पांडेय, प्रकाश वर्मा, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, संजय पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

### नापोकला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आजसू नेता ने फीता काटकर किया उद्घाटन

# सांस्कृतिक कार्यक्रम क्षेत्र की गतिशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है: रौशन लाल

आजाद सिपाही संवाददाता



बड़कागांव। प्रखंड के नापो कला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी काली पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस के अवसर पर काली पूजा समिति के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा के प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया। मौके पर रोशन लाल चौधरी ने सर्वप्रथम मां काली के पास माथा टेक कर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सुख समृद्धि और विकास का कामना किया। आगे उन्होंने मेला को संबोधित करते हुए कहां की ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजनों से क्षेत्र में एकजुटता संचार होता है। आगे उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ऐसे ही मेले व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि लोगों को एक दूसरों से मिलने जुलने का अवसर मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि हम माता काली से प्रार्थना करते हैं कि उनके आशीर्वाद से आने वाले दिनों में हम सभी मिलकर बड़कागांव विधानसभा को विकास के मामले में झारखंड का नंबर वन विधानसभा बनायेंगे। मौके पर मुख्य रूप से नापो कला पंचायत के मुखिया गणेश साव, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव, हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, समाजसेवी फागू यादव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता ,रामू साहू, राजकुमार यादव कैलाश साहू साहिब सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## मॉडल एकेडमी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

डोमचांच (आजाद सिपाही)। मॉडल एकेडमी डोमचांच में विभिन्न तरह का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा भाग लेकर प्रतियोगिता का अच्छा प्रदर्शन किया। जिसमें क्रिकेट, फुटबॉल, 100 मीटर की दौड़, कैरम, कबड्डी, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, एकल कैरम बोर्ड आदि कई तरह के खेल का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय की संचालिका संगीता सिन्हा ने कहा कि सभी छात्र छात्राओं के द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक विजय कुमार, शिक्षक प्रवीण कुमार, मुकेश पाण्डेय, बलराम वर्मा, किशोर सिन्हा, सूरज कुमार, विश्वजीत बनर्जी, श्रुति सिन्हा, प्रीति शेखर की आयोजन में मुख्य भूमिका रही।

# डाकघर में कार्यरत कर्मी की पत्नी को राशन कार्ड से अनाज उठाव पर वसूली का नोटिस जारी

टाटीझरिया/हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के ज्ञापांक 122/आ,दिनांक 12 जनवरी 2023 के आधार पर झरपो निवासी सरोज देवी, पति छोटी लाल महतो को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में बताया गया है कि आपके पति वर्षों से दारू पोस्ट आफिस में कार्यरत हैं, आपका झरपो में तीन मंजिला और हजारीबाग में दो मंजिला मकान है। आपके पास 202004723764 (पीएच) राशन कार्ड है, जो झारखंड लक्षित जन वितरण (नियंत्रण) आदेश 2022 के अध्याय 2 के कंडिका 3 अपवर्जन मानक के उपकंडिका ए एवं एफ के तहत राशन कार्ड के लिए अयोग्य हैं। इसलिए इन्हे 20 जनवरी 2023 को उपस्थित होकर जवाब देने को कहा गया था। उनसे पूछा गया कि क्यों नहीं 340 किलोग्राम उठाये गये राशन का कुल मूल्य 15232 रुपये वसूले जाएं। वहीं दूसरा नोटिस झरपो निवासी बैजू प्रसाद, पिता स्व. लीलो महतो को जारी किया गया है। इनका राशन कार्ड 202006397411 है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के जांच के बाद ज्ञात हुआ कि लीलो प्रसाद सिंदरी में ट्रक लेकर ठेकेदारी करते हैं तथा पुत्र मनोज प्रसाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में कार्यरत हैं। इन्हें नोटिस जारी करते हुए 30464 रुपये की वसूली का स्पष्टीकरण पूछा गया है।जारी नोटिस पर अवैध कार्डधारियों में दहशत है।

## 5 फरवरी को संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय



इचाक (आजाद सिपाही)। परियोजना बालिका विद्यालय के समीप स्थित बाबा साहेब आंबेडकर परिसर मे रविदास महा सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमे निर्णय लिया गया कि आगामी 5 फरवरी को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती बाबा साहेब आंबेडकर परिसर में धूम धाम से मनाई जाएगी। इस जयंती की शोभा बढ़ाने के लिऐ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है। इस बैठक में रविदास महा सभा इचाक प्रखण्ड अध्यक्ष बालेश्वर रविदास, उपाध्यक्ष गंदोरी रविदास, सचिव सेवा रविदास, उपसचिव केशव रविदास, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर रविदास, प्रमुख पति सिकेंद्र रविदास, उमेश दास, बीजेपी नेता राजकुमार राम, प्रो. सुबोध कुमार दास, शिक्षक गोपाल दास, शिक्षक अर्जुन कुमार दास, डा. सुनील कुमार दास, नंदू रविदास, नेमधारी रविदास, पंकज कुमार दास, महेंद्र कुमार दास समेत अन्य उपस्थित थे।

## एग्जाम वारियर्स कला प्रतियोगिता का आयोजन किया



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा एग्जाम वारियर्स कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट छात्राओं के बीच सम्मान समारोह व परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं ज्यूरी मेम्बर के द्वारा दीपप्रज्वलित कर उदघाटन किया गया। परीक्षा पे चर्चा के दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि परीक्षा का मतलब केवल पढ़ाई का मूल्यांकन करना नही है,स्वयं की क्षमताओं के आकलन से सम्बंधित है ।इसलिए हमें किसी परीक्षा से घबराने की जरूरत नही है ।परीक्षा में चिंता ना करें ,चिंतन करें और परीक्षा को एक योद्धा के भाँति मुकाबला कीजए। कार्यक्रम के प्रारंभ में माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने छात्राओं से खुलकर अपनी समस्याओं को रखने की बात कही और माण्डू विधायक ने सभी प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी शंकाओं को दूर किया। माण्डू विधायक ने पुनः छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए छात्राओं से कहा कि संस्कार के साथ,समय का सदुपयोग करते हुए आत्मविश्वास से परीक्षा में शामिल होने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक एग्जाम वारियर्स जिसमे विधार्थियों के लिए 28 मंत्र तथा अभिभावकों के लिए 06 सुझाव की चर्चा की। विधायक ने 27 जनवरी को 11 बजे प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पे चर्चा का छठा संस्करण कार्यक्रम को देखने तथा सुनने की अपील की,इससे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे एवं उनका हौसला भी बढेगा। इस प्रतियोगिता व परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय,विष्णुगढ़,झारखण्ड आवासीय विद्यालय टाटीझरिया, इंटर महाविद्यालय, टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज, गुरुग्राम पब्लिक स्कूल तथा झारखण्ड शांति निकेतन विद्यालय के कुल 500 छात्राओं ने भाग लिया। मांडू विधायक ने एवं उपस्थित ज्यूरी मेम्बर के हाथों प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय के अलावे सभी प्रतिभागियों को मैडल,स्मृति चिन्ह, एवं उत्कृष्ट छात्राओं को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस एग्जाम वारियर्स का प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। ज्यूरी मेम्बर में विष्णुगढ़ चिकित्सा प्रभारी डॉ०अरुण कुमार सिंह,विष्णुगढ़ डिग्री कॉलेज प्राचार्य डॉ०रामचंद्र राम,बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव,सेवा निवृत्त शिक्षक बालगोविंद महतो,गुरुग्राम प्रधानाध्यापक सुभाष महतो,समेत महादेव मंडल,चेतलाल महतो, लक्ष्मी कुमारी,अशोक भाई पटेल,संतोष कुमार महतो,महेंद्र कुमार महतो,जयकुमार महतो,लखन कुमार,कस्तूरबा की वार्डेन एवं कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के शिक्षक कार्यक्रम में मौजूद थे।

## कोडरमा घाटी में गैस टैंकर और ट्रक की टक्कर, टैंकर के केबिन में आग लगने से चालक की मौत



कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा जिले में बढ़ते सड़क हादसों ने लोगों को भयभीत कर रखा है। पिछले चार दिनों से प्रतिदिन सड़क हादसे हो रहे हैं और लोगों की मौत हो रही है। रविवार की दोपहर कोडरमा थाना अंतर्गत घाटी स्थित जमसोती नाला के पास गैस टैंकर और ट्रक की टक्कर में गैस टैंकर के केबिन में अचानक आग लग गयी और चालक की जलकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गैस टैंकर बिहार से खाली कर-के कोडरमा की तरफ लौट रहा था, इसी दौरान कोडरमा घाटी में जमसोती नाला के पास कोडरमा की तरफ से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गयी। घटना के बाद गैस टैंकर के केबिन में अचानक आग लग गयी और चालक की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। गैस टैंकर का केबिन जलने से वहां अफरा-तफरी मच गयी, वहीं रांची पटना रोड एक घंटे तक जाम रहा। इसकी सूचना दमकल को मिलने के बाद दमकल ने पहुंचकर आग को काबू पाया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हुई है।

## एनटीपीसी केरेडारी कन्वेयर का काम बंद, एल एंड टी और एनटीपीसी ने खेद व्यक्त किया

केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड में निर्माणधीन कन्वेयर बेल्ट में परियोजना प्रभावित ग्राम पांडू के मुस्लिम टोला से लगभग 250 लोगों को रोजगार प्राप्त है। और इनमें कुछ परिवार ऐसे भी है जिसमें एक ही परिवार से 2-3 लोगों को एल एण्ड टी द्वारा रोजगार प्राप्त हो रहा है। एनटीपीसी केरेडारी परियोजना से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से ग्रामीणों को रोजगार प्राप्त है। इन गरीब परिवारों के हितों कि ना सोच कर उन की जिविका बंद करने पर लोगों को भड़काया जा रहा है। पांडु के मुस्लिम टोला द्वारा बार-बार निर्माण स्थल पर हो रहे विरोध प्रदर्शन से एल एंड टी काम करने में अक्षम है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले ही ऐसे एल एंड टी की क्रेन को जलाया था जिससे काम की भी क्षति हुई है तथा कंपनी का 10 करोड़ रू का नुकसान भी हुआ है। पुलिस द्वारा इस घटना की कार्रवाई जारी है। केरेडारी परियोजना के कोयला अभिवहन करने के लिए बन रही यह कन्वेयलर बेल्ट पाईप के आकार में है। इससे आसपास के लोगों को ही सबसे ज्यादा फायदा पहुंचेगा। परियोजना नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत लोगों के स्वरोजगार, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पूर्ण रूप से अपनी जिम्मेदारी को निभा रही है। स्वरोजगार के लिए परियोजना प्रभावित युवाओं एवं महिलाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत आइटीआइ बड़कागांव में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। परियोजना द्वारा प्रखंड में हर सप्ताह मेडिकल कैम्प की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। विद्यालयों में छात्राओं के स्वास्थ एव स्वच्छता के लिए सेनेटरी किट एवं आत्मरक्षा के लिए कराटे प्रशिक्षण दिया गया है। प्रखंड को रात के अंधेरे से दूर करने के लिए चौराहों पर सोलर लाइट भी लगायी गई है।

## वाणी कंप्यूटर सेंटर में पूजा को लेकर बैठक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। रविवार को संस्थान के निदेशक सतीश कुमार यादव के नेतृत्व में सरस्वती पूजा को लेकर बैठक किया गया जिसमें पूजा समिति अध्यक्ष संदीप कुमार, उपाध्यक्ष शिप्रा देय, सचिव सुमन कुमारी को बनाया गया। संस्थान के निदेशक ने कहा की पूजा हर साल की इस वर्ष भी हमलोग सभी को शांतिपूर्ण तरीके से करना होगा। मौके पर शिक्षिका मीना कुमारी, छात्र छात्राओं में अमित कुमार, सुमन पांडेय, रमाकांत पांडेय, निकिता कुमारी, सागर कुमार, मुस्कान कुमारी, काजल कुमारी, सौम्यक राज, सचिता राज, ऋषभ दे इत्यादि मौजूद थे।

### मरकच्चो गोलीकांड की 21वीं बरसी पर जन संकल्प सभा

# कोडरमा की जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही: राजकुमार




मरकच्चो (आजाद सिपाही)। मरकच्चो गोलीकांड की 21वीं बरसी पर मरकच्चो शहीद मैदान में शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर माले कार्यकर्ताओं ने मरकच्चो गोलीकांड के शहीदों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, झामुमो भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष एम चंद्रा, कोडरमा लोक सभा प्रभारी सितारा सिंह, ईश्वरी राणा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसके पूर्व कामरेड शहीद अशोक यादव का भाई सिताराम यादव एवं उनकी मां समेत उपस्थित भाकपा माले के नेताओं ने झंडोत्तोलन किया। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि मरकच्चो गोली कांड बाबूलाल मरांडी के इशारे पर की गयी थी जिसमे भाकपा माले के तीन साथी शहीद हो गये। आज भी कोडरमा की जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार कोडरमा में इंजन अलग और डिब्बा अलग हो गया है। विकास पूरी तरह खड़ी हो गयी है। भाजपा ने हर विभाग में सांसद प्रतिनिधि एवं विधायक प्रतिनिधि बनाया गया। वे प्रतिनिधि लूट रोकने के बजाय खुद लूटने में लगे हैं। कोडरमा की दोनों मैडम पूरी मलाई को मह के माखन खा जायेंगी। उन्होने कहा कि कोडरमा में ढिबरा चुन कर अपना जीवन यापन करने वाले गरीब गुरबों की आज रोजी रोटी छीन ली गयी है। लेकिन यहां की सांसद विधायक के मुंह से एक शब्द भी नही निकल रहा है। जब भाकपा माले के लोग इस के खिलाफ आवाज उठाते हैं तो उन्हे झूठे मुकदमे में फंसा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी को हर जिले में भाकपा माले विश्वासघात दिवस मनायेगी। कार्यक्रम को कोडरमा जिला प्रभारी सिताराम सिंह, सबिता सिंह, जिला सचिव राजेंद्र मेहता, इब्राहिम अंसारी, विनोद पांडेय, विजय पासवान, बहादुर यादव, बसन्त साव, अशोक यादव, पार्वती देवी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहादुर यादव ने की जबकि संचालन अशोक यादव ने किया।

### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

मौके पर मो. सेराज, गुलाम मूस्तूफा, शिवशंकर यादव, सहदेव यादव, मंसूर आलम, नारायण मोदी, श्रीकांत पांडे, शंभू शरण मिस्त्री, लालबिहारी मेहता, तुलसी राणा, भुनेश्वर ठाकुर, युगल यादव, सावित्री तिवारी, रामदेव ठाकुर, राजकुमार शर्मा, राजेंद्र साव, महादेव दास, विजय दास, अफ्जल शेख, भागीरथ सिंह, पार्वती देवी, रुखसाना खातून, अफसाना खातून, बसंत साव, संदीप सिंह, अख्तर अंसारी आदि मौजूद थे।

## चूल-मुंडन संस्कार को लेकर रजरप्पा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। झारखंड के सुप्रसिद्ध स्थल रजरप्पा मंदिर में रविवार को मुंडन संस्कार का मुहूर्त होने के कारण भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मां भगवती से आशीर्वाद लेकर रक्षा सूत्र बंधवाये। इस मौके पर मनोकामना पूरी के लिए चूल मुंडन के साथ सैकड़ों बकरे की बलि दी गई। मुंडन तिथि का विशेष मुहूर्त होने के कारण सुबह 4 से सैकड़ों की संख्या में चार पहिया वाहन से दूर-दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पंक्ति में घंटों खड़ा होकर मां भगवती की पूजा अर्चना विधि विधान से किया। पूजा अर्चना को लेकर रजरप्पा मंदिर क्षेत्र में स्थानीय रजरप्पा पुलिस के दर्जनों जवान-जगह पर तैनात किये गये थे।

## भुरकुंडा में विधायक ने लगाया जनता दरबार, सुनी समस्या, समाधान का दिया आश्वासन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने रविवार को जय प्रकाश नगर भुरकुंडा स्थित कांग्रेस कार्यालय में जनता दरबार लगाया। दरबार में क्षेत्रवासियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। इस दौरान कई समस्याओं का विधायक ने तुरंत समाधान करा दिया। जबकि कई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया। मौके पर अंबा प्रसाद ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान ही मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के निराकरण करने के लिए एक रविवार को छोड़ दूसरे रविवार को महीने में दो बार जनता दरबार लगायी जायेगी। इसके पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने भुरकुंडा मैदान एवं विभिन्न क्षेत्रों का भी निरीक्षण की। जनता दरबार के दौरान ही कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। सभी नये सदस्यों का स्वागत कांग्रेस का पट्टा पहनाकर किया गया। पार्टी का दामन थामने वालों में वसी अहमद, राज वर्मा, शिव शंभू कुमार, रेहियान आलम आदि शामिल हैं। मौके पर पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, कोयलांचल विधायक प्रतिनिधि अमित साहू, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, फिरदोस आलम, चंदन प्रसाद, जय सिंह, रामशरण गिरी, रमाकांत दुबे, हरि साव, बारीक अंसारी, सुमित कुमार, रबानी अंसारी, कृष्णा कुशवाहा, प्रकाश राम, राजकुमार रवि एवं दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटी की भुरकुंडा में हुई बैठक



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को भुरकुंडा अंचल कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला मंत्री कॉमरेड विष्णु कुमार व संचाालन मनोज कुमार महतो ने किया। बैठक में पार्टी की मजबूती, सदस्यता अभियान चलाने व नवीनीकरण, 26 जनवरी को संविधान दिवस और 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई मनाने, अवैध बालू उत्खनन व उठाव सहित जन समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर जिला मंत्री विष्णु कुमार ने कहा कि पतरातू क्षेत्र में बालू घाटो से निरंतर अवैध बालू का उठाव हो रहा है। भाकपा अवैध बालू उत्खनन व उठाव पर रोक लगाने की मांग करती है। इसपर रोक नहीं लगा तो आंदोलन का रूख अतिख्यार किया जायेगा। उन्होंने बलकुदरा पंचायत के विभिन्न टोला में मकानों में हुए क्षती को ले सीसीएल प्रबंधन से मुआवजे की भी मांग की है। मौके पर विष्णु कुमार, प्रखंड सचिव मनोज कुमार महतो, रमेश महतो, मनोज पहान, संतोष मुंडा, अनिल मुर्मू, कर्मवीर राम, सूरज करमाली, विजय कुमार, राहुल कुमार, जियाउल अंसारी, महेश कुमार, संतोष कुमार, कुलदीप राम, प्रेम पासवान, गोपाल, टिकेश्वर आदि मौजूद थें।

## भुरकुंडा का अभितेश परासर हंगरी क्रिकेट एसोसिएशन अवार्ड से हुआ सम्मानित



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रीवर साइड निवासी सह सीसीएल कर्मी रोटेरियन प्रवीण शर्मा व सुषमा शर्मा के पुत्र अभितेष परासर को हंगरी क्रिकेट एसोसिएशन 2022 अवार्ड से सम्मानित किया गया। अभितेष को सम्मानित होने के बाद कोयलांचल में हर्ष का माहौल है। लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए अभितेश को बधाइयां दी है। बधाई देने वालों में परमजीत सिंह धामी, अजय गोयल, राम अवतार शर्मा, प्रवीण राजगढ़िया सहित दर्जनों रोटेरियन एवं आमजन शामिल हैं।

## पशु तस्करी करने के मामले में पांच लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा, पूछताछ जारी

कुजू (आजाद सिपाही)। पशु तस्करी करने के आरोप मामले में ओरला के ग्रामीणों ने 11 जानवर सहित पांच लोगों को पकड़कर कुजू पुलिस को सौपा है। वही, पकड़े गए लोगों से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, बड़कीपोना चितरपुर निवासी सनाउल्लाह अंसारी, रहमान अंसारी, एहसान अंसारी, शाहबाज अंसारी और गोमा मुंडा जंगल के रास्ते कुजू से हुवाग की ओर 11 जानवरों को लेकर जा रहे थे। इस दौरान पास मैदान में क्रिकेट खेल रहे कुछ युवकों ने संदेह होने पर उन्हें पूछताछ के लिए रोका, जिस पर वे लोग भागने लगे। बाद में ग्रामीणों की मदद से पांचों युवक को पकड़ा गया। ग्रामीणों ने इस संबंध में कुजू ओपी पुलिस को सूचना दी। जिस पर मौके पर पहुंचे अनि कुमुद बागे ने पशु तस्कर आरोप मामले में सभी 5 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में सभी आरोपियों को ओपी परिसर लाया गया। वही, जानवरों को पुलिस ने ग्रामीणों की देखरेख में सुपुर्द किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि रतवे के राजेश नामक व्यक्ति के आदेश पर सभी जानवरों को टंडवा ले जाया जा रहा था। समाचार लिखे जाने तक सभी आरोपियों से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

### नप क्षेत्र के कैथा में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन, दर्जनों ने थामा आजसू का दामन

# आजसू पार्टी एक परिवार है, हर कार्यकर्ता परिवार का सदस्य

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 26 कैथा में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता आजसू पार्टी के नगर परिषद अध्यक्ष राजेश महतो एवं संचालन सचिव राजेंद्र महतो ने किया। जबकि समारोह के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, वार्ड पार्षद देवधारी महतो शामिल हुए। इस दौरान समारोह में झामुमो के लोकनाथ महतो और घूरन महतो के साथ दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा। जहां सांसद ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि आजसू पार्टी एक परिवार है और पार्टी का हर एक कार्यकर्ता परिवार का सदस्य है। परिवार के सदस्यों की बेहतरी और उज्जवल भविष्य सुनिश्चित



## आजसू पार्टी ही रामगढ़ विस का सर्वांगीण विकास कर सकती है: लोकनाथ

**समारोह को संबोधित करते हुए झामुमो छोड़ आजसू का दामन थामा लोकनाथ महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनीता चौधरी के कार्यशैली से प्रभावित होकर हम सभी ने आजसू पार्टी का दामन थामा है। आजसू पार्टी विकास की राजनीत करती है और आजसू पार्टी ही रामगढ़ विधानसभा का सर्वांगीण विकास कर सकती है।**

करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संगठन में शामिल लोगों से संगठन को मजबूती मिलेगी और आगामी उपचुनाव में आजसू पार्टी रिकॉर्ड मतों से विजय हासिल करेगी। उन्होंने वार्ड प्रभारी, बूथ प्रभारी, महिला मोर्चा, चूल्हा प्रमुख सहित सभी आजसू कार्यकताओं को पार्टी की नीतियां और सिद्धांतों से हर वर्ग के लोगों को अवगत करा कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### इन लोगों ने थामा आजसू का दामन

झामुमो छोड़ आजसू का दामन थामने वालों में लोकनाथ महतो, घूरन महतो, कन्हाई कुमार, प्रह्लाद कुमार, एटम कुमार, बबलू कुमार, तारा कुमार, राकेश कुमार, रोहित कुमार, अभिषेक कुमार, टिंकू पटेल, नीतेश कुमार, नकलेश कुमार, तनू कुमार, गलू कुमार, पवन कुमार, बालदेव महतो, कविता देवी, सावित्री देवी, वीणा देवी, साबी देवी, खुशबू देवी, किरण देवी, गौरी देवी, उषा देवी, सबीता देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, सकीना देवी, नीतू, सलखो, ज्योति, सीता, सीमा, बबीता, सावित्री, विनय कुमार, केशव कुमार दास, सचिन कुमार महतो, संदीप कुमार, दिलीप कुमार सहित कई लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा।

## मैराथन दौड़ में शामिल हुए रामगढ़ के लोग, फिट इंडिया हेल्दी इंडिया का दिया संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ और चेतना शाखा के संयुक्त तत्वधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रविवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ सुभाष चौक से आरंभ होकर झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला होते हुए पुनः सुभाष चौक पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच और चेतना शाखा के सदस्यों ने फिट इंडिया हेल्दी इंडिया का संदेश दिया। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने बताया कि मैराथन दौड़ का उद्देश्य फिट इंडिया हेल्दी इंडिया था, जिसके तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस मैराथन दौड़ में मारवाड़ी युवा मंच और चेतना शाखा के अलावे विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग शामिल हुए।




### रक्तदान शिविर कल

मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा एवं चेतना शाखा के संयुक्त तत्वधान में 24 जनवरी को मेन रोड स्थित जैन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने जिले के लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक शामिल होकर रक्तदान कर दूसरों की जिंदगी बचाने में अपना योगदान दे।

### ये थे शामिल

कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन आशीष अग्रवाल, राहुल बौदिया, संतोष गोकुलका, ऋषभ अग्रवाल के अलावा मंच के अध्यक्ष आशीष जैन, चेतना शाखा अध्यक्ष रीना मोदी, चेतना सचिव स्वाती मित्तल, मिडिया प्रभारी राहुल जैन, आशीष मिमानी, अधिवक्ता अमीत अग्रवाल, अरुण बगड़िया, नरेश अग्रवाल, शरद चौधरी, निशा जैन, श्वेता अग्रवाल, प्रीति चौधरी, रचना अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, धीरज बंसल, मोहित अग्रवाल, सुमित सरावोगी, आयुष बजाज, अमन बौदिया, शेखर शरद, विजय खंडेलवाल, निलिंद अग्रवाल, मयंक अग्रवाल सहित कई लोग शामिल थे।

## खेल चाहे जो भी हो खेल में हार जीत लगी रहती है: कंचन कुमारी

उरीमारी (आजाद सिपाही)। सयाल हिल व्यू स्टेडियम में रविवार को पांच दिवसीय दीपू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि सयाल उत्तरी पंचायत समिति सदस्य कंचन कुमारी ने फीता काट कर किया। फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 14 क्षेत्रीय टीम ने भाग लिया। जिसमें पहला सेमीफाइनल मैच घनसलैया एवं पिंडरा के बीच खेला गया। जिसमें घनसलैया की टीम विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल मैच भुरकुंडा तीन नंबर एवं ओल्ड इज गोल्ड उरीमारी के बीच खेला गया। जिसमें ओल्ड इज गोल्ड उरीमारी की टीम विजय हुई। तीसरा विनर मैच पिंडरा एवं भुरकुंडा तीन नंबर के बीच खेला गया। जिसमें भुरकुंडा तीन नंबर विजय हुई। वहीं फाइनल मैच घनसलैया और ओल्ड इज गोल्ड उरीमारी के बीच खेला गया। जिसमें घनसलैया की टीम ने ओल्ड इज गोल्ड उरीमारी की टीम को तीन गोल देकर पराजित कर विजय प्राप्त किया।

## माली मालाकार कल्याण समिति रामगढ़ जिला का हुआ गठन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सेंट्रल सौंदा में रविवार को माली मालाकार कल्याण समिति रामगढ़ जिला की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रामदास सैनी और संचालन उदय मालाकार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मैनेजर माईनिंग बरका-सयाल रामदास सैनी उपस्थित थें। बैठक में समाज के उत्थान, समाज में फैले कुरीतियों को दूर करने, समाज को शिक्षित बनाने, शिक्षा में मिलने वाले आरक्षण की व्यवस्था समाज के लोगो तक पहुंचाने, समाज के मेधावी बच्चों को सम्मानित करने, जिला सम्मेलन करने



सहित अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से रामगढ़ जिला कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पिंटू मालाकार रामगढ, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवेश मालाकार रामगढ, सचिव उदय मालाकार सौन्दा, सह सचिव रविन्द्र भगत, कोषाध्यक्ष बिनू भगत सहित कार्यसमिति सदस्यों में पिंटू मालाकार, प्रकाश मालाकार, राजेश मालाकार, विकास कुमार, रामकृपाल मालाकार, नंदलाल मालाकार, रवि मालाकार, विनोद मालाकार, अनिता देवी, प्रवेश मालाकार, बबलु मालाकार, विक्की मालाकार, संतोष मालाकार, राजू मालाकार, विशाल मालाकार, सुनील मालाकार का चयन किया गया। मौके पर धनंजय कुमार, अनुज कुमार, प्रमोद मालाकार, संजय मालाकार, राजकुमार, राजेश कुमार मालाकार, राजकिशोर भगत, विरेन्द्र भगत, मनोज मालाकार, प्रकाश मालाकार, सोनू मालाकार, अजय मालाकार, उज्जवल कुमार, प्रिंस कुमार, स्पा मालाकार, आरती देवी, बसंती देवी, उमा देवी, गौतम भगत, नीरज कुमार, सोनाली कुमारी, स्नेहा कुमारी, स्वाती कुमारी, सालिनी कुमारी, सोनम कुमारी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## सिकनी पंचायत के शिवालय मंदिर में आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुख पदाधिकारियों की हुई बैठक



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। दुलमी प्रखंड 22 जनवरी सिकनी पंचायत के शिवालय मंदिर प्रांगण में वर्तमान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के दिशा निर्देश अनुसार आजसू पार्टी के कार्यकर्त्ता के द्वारा बूथ कमेटी एवं चूल्हा प्रमुख का गठन हेतु एक बैठक रखा गया। जिसमें ग्राम सिकनी के बूथ संख्या 172, 173 ,174 के लिए एक कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सभी बूथ के लिए 20 महिला और 20 पुरुष का चयन किया गया। पंचायत स्तरीय 10 घर में से एक चूल्हा प्रमुख बनाने के लिए निर्णय लिया गया। विधानसभा के उप चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं ने आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को भारी मतों से उपचुनाव में वोट देकर विजय बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से सिकनी पंचायत चुनाव प्रभारी जलंत चौधरी, नितीश महतो, बलराम महतो, उमाशंकर महतो, किलश महतो, प्रशांत महतो एवं बैठक में उपस्थित समाजसेवी हरिकिशुन महतो, आजसू पार्टी के नेता योगेंद्र महतो, आजसू मिडिया प्रभारी राजेन्द्र उर्फ रमन पटेल, युवा नेता कृष्ण कुमार, सिकनी पंचायत अध्यक्ष मुरली महतो, टुल्लू महतो, केदार महतो, देवकुमार राम, तुलाराम महतो, प्रदीप महतो, शिवशंकर महतो, संभु महतो, रविन्द्र, महतो, सुरेन्द्र महतो, अजित महतो, सुशीला देवी, बिनीता देवी, निर्बला देवी, किरण देवी, बसंती देवी, रीना देवी, सुमित्रा देवी, जयंती देवी, शीला देवी, देवंती देवी, सावित्री देवी, सहित आजसू पार्टी के अनेको महिला नेत्री एवं आजसू कार्यकर्ता सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष और 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने आजसू का दामन थामा



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। दुलमी प्रखंड कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष एवं वर्तमान 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंटू करमाली ने पूरे सहपाठियों के साथ आजसू पार्टी का दामन थामा। वह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से मुलाकात कर आजसू पार्टी में शामिल हुए तथा सांसद को बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस की नीति से देशवासी त्राहिमाम हैं। इसे देखकर मैं भी रामगढ़ जिला का विकास करने वाली पार्टी में शामिल हुआ हूं। पूर्व में अनगिनत रामगढ़ जिला में ऐतिहासिक विकास कार्य हुआ है, जिसे देखकर मैं इस पार्टी में शामिल हुआ हूं। रामगढ़ जिला का सर्वांगीण विकास केवल आजसू पार्टी कर सकती है। पार्टी के पास मिशन और विजन दोनों तरह का विकल्प है, जिसे देख इस बार रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव में भारी मतों से आजसू पार्टी की उम्मीदवार सुनीता चौधरी को विजयी बनाने का काम करेंगे तथा रामगढ़ विधानसभा में आदिवासी समुदाय के लोगों से डोर टू डोर संपर्क अभियान करेंगे एवं सुख-दुख के साथी गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के दिशा निर्देशानुसार काम करेंगे। उन्होंने कहा कि विकास पुरुष हमारे साथ हैं इनके द्वारा घोषित प्रत्याशी उम्मीदवार को भारी मतों से वोट देकर विजय बनाने का काम करें। उन्होंने कहा कि पूरे दल बल और तामझाम के साथ पूरे प्रखंड स्तर पर बहुत जल्दी लोग पार्टी का दामन थामेंगे और आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं उसे निखारने की आवश्यकता : पीयूष चौधरी



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रविवार को चितरपुर टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के ग्राउंड में एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटनकर्ता गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के अनुज पुत्र पीयूष चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए विधिवत रुप से टूनार्मेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान पीयूष चौधरी ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से आजसू पार्टी द्वारा रामगढ़ जिला में विभिन्न तरंगों खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा सहयोग करने का काम किया है और भविष्य में भी साथ देने का काम करेगा ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों जिसे हमें पहचाने की आवश्यकता है। वैसे होनहार खिलाड़ी को ऊंची मंजिल तक पहुंचाने की जरूरत है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ के पूर्व जिला पार्षद गोपाल चौधरी सहित चितरपुर उत्तरी पंचायत मुखिया मंजू देवी, चितरपुर आजसू पार्टी प्रखंड सचिव दशरथ महतो, हर्ष मौजूद थे। पीयूष चौधरी ने कहा कि, इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन से क्षेत्र में छिपे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से अवगत होने का मौका मिलता है साथ ही खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का भी मौका मिलता है उन्होंने आगे कहा कि, खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने का प्रयास करूंगा। इधर, गोपाल चौधरी ने कहा की क्षेत्र में बेहतरीन खिलाड़ी मौजूद है बस उन्हें मौका देने की जरूरत है। साथ ही, मुख्य अतिथि ने माइल वॉलीबॉल क्लब को इस तरह के आयोजन के लिए धन्यवाद किया। मौके पर महावीर महतो, राहुल महतो, पवन महतो, योगेंद्र महतो, संजीत महतो, भानु महतो, कमलेश महतो, जडेजा महतो, गोपी महतो, शंकर महतो सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## व्यवहार न्यायालय में जिला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्टेशन का आयोजन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के तत्वधान में रविवार को व्यवहार न्यायालय के कांफ्रेंस होल के सभागार में जिला स्तरीय मल्टी स्टेट फोल्डर कंसल्टेशन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार गौतम, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, डीडीसी नागेंद्र सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में पोस्को एक्ट, जेजेबी एक्ट और राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर जिले के अधिकारी, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के कर्मचारी अन्य उपस्थित थे।

## शिव की प्रतिमा के साथ किया नगर भ्रमण, नम: शिवाय के जयघोष से गूंजा कोयलांचल



कुजू (आजाद सिपाही)। कुजू कोलियरी स्थित शिव मंदिर में तीन दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के दूसरे दिन रविवार को शिव प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण निकाली गई। सुसज्जित वाहन पर प्रतिमा को सवार कर गाजे-बाजे के साथ मंदिर परिसर से नगर भ्रमण निकाली गई। नगर भ्रमण कुजू कोलियरी होते हुए केबी गेट श्री राम चौक पहुंची। जहां से वापस नगर भ्रमण मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान ॐ नम: शिवाय के नारे और शिव भजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ था। इससे पूर्व, यज्ञाचार्य धर्मेंद्र पांडेय एवं आचार्य अखिल रंजन पांडेय की देखरेख में यजमान बने अध्यक्ष हेमंत सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, कामेश्वर महतो, अर्जुन सिंह, फुलेश्वर साव, जीवन मेहता, अवधेश कुमार सपत्नीक के हाथों मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत यज्ञ मंडप में पूजार्चना कराकर हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित कर आहुति दी गई। वही यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए प्रात: से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। यज्ञ कमेटी के सदस्यों ने बताया कि सोमवार को विशाल भंडारे के साथ यज्ञ का समापन किया जायेगा। मौके पर सचिव तेजनाथ महतो, संटू चौधरी, पप्पू कुमार, गोनू, झिंकु, आलोक पांडेय, अजय सिंह, कुन्नू सिंह, राकेश, आदित्य सिंह, जयनंदन पटेल, बीरबल सिंह, मोहन महतो, कार्तिक ठाकुर, शंकर सिंह, उमेश करमाली, गुड्डू करमाली, अनिल सिंह, संतोष कुमार, उपेंद्र महतो, विनोद सिंह, राजेश मंडल, राकेश सिंह, डीके सिन्हा, अमिताभ मेहता, रामवृक्ष महतो सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मंत्री ने क्रिकेट लीग के समापन में की शिरकत, कमिटी के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत

# क्रिकेट प्रशंसकों के बीच उत्साह और जोश बढ़ाता है: मंत्री





आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। राज्य के मंत्री सत्यानंद भोगता चतरा विधानसभा क्षेत्र के कान्हाचट्टी प्रखंड के बीके हाइ स्कूल के खेल मैदान में कान्हाचट्टी स्पोर्ट्स एसोशिएसन के द्वारा आयोजित ग्यारह दिवसीय कान्हाचट्टी प्रीमियर लीग 2023 के बतौर मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन के मोके पर जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी एवं थाना प्रभारी विकाश पासवान मुख्य रूप से मौजूद थे। मंत्री सत्यानंद भोगता ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरुस्कार राशि, शील्ड देकर सम्मानित किया। इस समारोह के दौरान मंत्री श्री भोगता ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में क्रिकेट सबसे प्रसिद्ध खेलों में से एक है। यह खेल प्रशंसकों के बीच बहुत उत्साह और जोश पैदा करता है। खेल खेलने वाले खिलाड़ियों को ईमानदारी पूर्वक खेलना चाहिए। खेल लोगों को भावनात्मक रूप से एकजुट करता है। यह बहुत रोचक तथा भावनाओं से भरा हुआ खेल है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण परिवेश के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में मददगार साबित होगा। आज स्थानीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी ही कल देश विदेश में देश का नाम रौशन करेंगे। राज्य सरकार भी खेल के प्रति काफी गम्भीर है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार सहयोग कर रही है। मंत्री ने बैटिंग किया व जीप उपाध्यक्ष ने कीपिंग किया। पूर्व में अतिथिओं ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया।

## मौके पर इनकी रही मौजूदगी

**समापन समारोह के दौरान, राजद जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, बीडीओ हुलाश महतो, थाना प्रभारी विकाश पासवान, मंत्री प्रतिनिधि राजेंद्र राम, प्रखंड प्रमुख इंदू देवी उप प्रमुख सुमन कुमार, मुखिया छोटू सिंह, मोहमद शेर साह, राजेश दास, सोनू खान, जगदीश दांगी, समेत गणमान्य मौजूद रहे।**

## बागेश्वर धामवाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री के समर्थन में उतरी जय श्री राम समिति

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री के दरबार में 5 से 6 लाख लोगों के बीच जय श्रीराम समिति के जिला महामंत्री अजय साहू, एवं लक्की कुमार साहू पहुंच खुद अपने आंखों के सामने सच्चाई को देखे। जिला महामंत्री अजय साहू ने कहा कि आजकल सनातन समाज को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। हमने इस सच्चाई को देखने के लिए खुद उनके दरबार में पहुंच कर सब कुछ देखा। वहां पर किसी भी प्रकार से अंधविश्वास की बातें नहीं थी। शास्त्री के ऊपर भगवान हनुमान की कृपा है जिनके हर शब्द लोगों को प्रेरित कर रहे हैं यही कारण है शास्त्री के दरबार में कई लोग धर्म वापसी किये हैं। कहा जा सकता है कि सनातन समाज का बीड़ा उठाने वाले हर एक व्यक्ति पर षड्यंत्रकारी लगे रहते हैं। मैं उनके दरबार से कहना चाहता हूं कि सनातन विरोधी लोगों का तिरस्कार करने के लिए सनातन समाज के लोगों को आगे आकर मुंहतोड़ जवाब देने की आवश्यकता है।

## परहेपाट पंचायत सचिवालय की मरम्मत के लिए डीडीसी को ग्रामीणों ने लिखा पत्र



किस्को/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभा मंडप सह परहेपाट पंचायत भवन की जर्जरावस्था को देखते हुए ग्राम पंचायत परहेपाट के ग्रामीणों ने उप विकास आयुक्त के समक्ष लिखित आवेदन देकर भवन की मरम्मत कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान किये जाने की मांग रखी है। ग्रामीणों द्वारा डीडीसी को दिये गये आवेदन में उल्लेख किया गया है कि सभा मंडप सह पंचायत सचिवालय परहेपाट मरम्मत के अभाव में दिन व दिन काफी जर्जर हो गया है। उक्त भवन में आधार कार्ड पंजीकरण, प्रज्ञा केंद्र का संचालन, तेजस्वीनी परियोजना एवं पंचायत में संचालित योजनाओं का संचालन व निष्पादन का कार्य हेतु मुखिया, पंचायत सचिव, जनसेवक रोजगार सेवक वार्ड सदस्य एवं संबंधित केंद्र के कर्मी प्रति दिन कार्यों का संधारण किया करते हैं। साथ ही समय-समय पर बैठक का आयोजन भी किया जाता है। ऐसे में कर्मियों एवं जनता के बीच हर वक्त खतरा बना रहता है। इधर डीडीसी को दिया गया निकासी आवेदन में कहा गया है कि यदि भवन की मरम्मत कार्य करा दी जाती तो लोगों को निस्संदेह होकर कार्यों के निष्पादन करने में दिलचस्पी बढ़ती। ग्रामीणों के अनुसार डीडीसी से लिखित आवेदन देकर यथाशीघ्र जर्जर सभा मंडप सह पंचायत सचिवालय परहेपाट की मरम्मत हेतु स्वीकृति प्रदान कर भवन की मरम्मत कार्य करायी जाए ताकि सुरक्षित तरीके से कार्यों का निष्पादन किया जा सके।

## जनजातीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत युवाओं का जत्था रवाना



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। 158वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के सौजन्य से 14वें जन जातीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के सिलसिले में लोहरदगा जिले के जनजातीय समाज के 20- 20 युवाओं के दो जत्थे क्रमशः कोच्चि (केरल) और अलीपुर (दिल्ली) के लिए रवाना किये गये। 20-20 युवाओं के इन जत्थों में 10-10 युवक और युवतियाँ हैं, जिन्हें क्रमशः कोच्चि (केरल) और दिल्ली में आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेते हुये देश के अन्य हिस्सों से आये जनजातीय युवाओं से मिलकर उनके रहन-सहन, संस्कृति, क्षेत्रीय विशेषताओं के बारे में जानने तथा लोहरदगा/ झारखंड की संस्कृति और रहन सहन से दूसरों को अवगत कराने का अवसर मिलेगा। एक सप्ताह के सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम में इन्हें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने तथा ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का दौरा करने का अवसर मिलेगा तथा इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद इनमें देश की सांस्कृतिक विविधता और एकता के बारे में बेहतर समझ का विकास होगा। इन दोनों यात्राओं में इनका मार्गदर्शन करने के लिए क्रमशः एक-एक पुरुष और महिला सदस्य इनके साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल से नियुक्त किया गया है, जो यात्रा और कार्यक्रम के दौरान इनकी आवश्यक मदद करेंगे। जत्थे को 158वी वाहिनी सीआरपीएफ तथा नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारियों ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में 158वीं वाहिनी सीआरपीएफ के सदस्यों समेत राहुल कुमार कमांडेन्ट, प्रदीप कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, संतोष कुमार पाल, द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ. रंजीत कुमार (मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ओ.जी.) द्वि.क. अधि, सुरेन्द्र सिंह उप कमांडेन्ट, मनोज कुमार उप कमांडेन्ट- 158 बटालियन के रि.पु.बल तथा नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के अब्दुल फारूख खान, जिला युवा अधिकारी, रामाशीष चौधरी, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक, शशि कुमार और के रि.पु.बल के अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

## सिटी हॉस्पिटल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन



लातेहारः जिला मुख्यालय स्थित सिटी हॉस्पिटल में वरदान डाल्टनगंज एनजीओ एवं जिला अंधापन नियंत्रण समिति लातेहार के तत्ववाधान में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में दूर-दूर से ग्रामीणों ने आकर इस शिविर का लाभ उठाया। शिविर के दौरान सीटी हॉस्पिटल के प्रबंधक जुबेर आलम ने कहा कि सिटी हॉस्पिटल में वरदान डालटेनगंज एनजीओ एवं जिला अंधापन नियंत्रण समिति लातेहार द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि गरीब और लाचार व्यक्तियों को आंख से संबंधित बीमारियों का इलाज हो सके। ताकि वे भी खूबसूरत दुनिया को देख सके। आगे उन्होंने कहा कि हम लोगों का एक ही प्रयास रहा है कि जो भी मरीज हमारे हॉस्पिटल में आते हैं , उनके बेहतर इलाज के लिए हर प्रकार की सुविधा मिल सके साथ ही साथ मरीज के साथ आनेवाले उनके परिवार को हमारे हॉस्पिटल में किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो, इसके लिए मेरे और मेरे स्टाफ के द्वारा हर संभव सुविधा देने का प्रयास किया जाता रहा है। इस शिविर में लगभग 250 मरीजों का मोतियाबिंद का जांच किया गया एवं 156 मरीजों का ऑपरेशन किया गया।

## झारखंड अनुबंधकर्मियों की छठे दिन हड़ताल जारी, पूरे राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरायी

लातेहार। लातेहार झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी का छठा दिन हड़ताल जारी है अनिश्चित कालीन हड़ताल का 24 तारीख से अनुबंध कर्मी आमरण अनशन पर चले जाएंगे। उसके उपलक्ष्य में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। राजभवन गेट से कचहरी तक और शाम को कैंडल मार्च का भी आयोजन करेंगे। 23 जनवरी को सुभाष जयंती के शुभ अवसर पर राजभवन रांची एवं धनबाद में रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। कोल्हान प्रमंडल के अनुबंध चिकित्सा कर्मी स्वास्थ्य मंत्री आवास का घेराव भी किए हैं मंत्री का बयान आया है कि 7 फरवरी को स्वास्थ्य सचिव के साथ मीटिंग है उसके बाद बताया जायेगा। इधर स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि मंत्री आपके द्वारा तीन माह पहले ही बताया गया था कि तीन सदस्यों की कमेटी बनायी जायेगी। जिसमें संघ के भी एक प्रतिनिधि को शामिल किया जायेगा। अभी तक कमेटी नहीं बन पायी। अब अनुबंध कर्मी झांसे में नहीं आयेंगे, जबतक 2014 नियमावली के तर्ज पर नियमितीकरण से कम कुछ मंजूर नहीं होगा। इधर लातेहार जिला अनुबंध कर्मियों को हड़ताल पर जाने के बाद लातेहार में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। परंतु लातेहार से 350 स्वास्थ्य स्वास्थ्य कर्मी हड़ताल पर है। ऐसे भी स्टाफ कि लातेहार से सरकारी अस्पतालो में घोर कमी पहले से ही है और 350 लोग हड़ताल पर चले गए है।

# स्टेडियम निर्माण के लिए हर संभव सहयोग करूंगा : कृषि मंत्री

**एकाग्र होकर कार्य करने से मिलती है सफलता : बादल पत्रलेख**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, संजय साहू मौजूद थे। मौके पर मुख्य अतिथि कृषि मंत्री बादल पत्रलेख कृषि मंत्री कहा कि खेल मैदान में मुझे देखने को मिला की खिलाड़ी सारी शक्ति विजय होने में लगा देता है, वह राष्ट्र के लिए खेल रहा है इसी में स्वयं भी लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति कलाम साहब के कोटेशन को याद करते हुए कहा कि सपने वह नहीं होते जो नींद में देखे जाते हैं, सपने वह होते हैं जो हमें सोने नहीं देते हैं। लोहरदगा में स्टेडियम निर्माण हो या खेल के बढ़ावा देने के लिए कोई भी कार्य हो मैं उसके लिए हर संभव सहयोग करूंगा।राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने बताया कि इस स्टेडियम में सन 1951 में मेरे पिताजी राय साहब बलदेव साहू ने पहली बार एथलेटिक्स मीट का आयोजन कराया था। उसके बाद लगातार आयोजन होता जा रहा है। एथलीट के अलावा क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए मैं कार्य कर रहा हूं। फुटबॉल और हॉकी के क्षेत्र में भी मैं कार्य करूंगा। इस स्टेडियम को कैसे कायाकल्प हो इसके लिए मेरे द्वारा राशि आवंटित कर दी गई है, कोर्ट का आदेश निर्गत होते हैं स्टेडियम को ठीक करा दिया जाएगा। इस मौके पर पत्रिका का भी लोकापर्ण अतिथियों के द्वारा किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, शैफाली साहू, किरण माला साहू, उदय शंकर साहू, सबिता साहू, दुर्गेश साहू, राहुल साहू, हर्षित साहू, मनु साहू, वंदना साहू, रुचि साहू, एस डी सिंह रिटायर्ड प्रिंसिपल सेंट्रल अकेडमी रांची, राकेश रोशन, प्रभात पांडेय, कुमार आलोक, रायफल एसोसिएशन के अमर सिंह, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सचिव सूखैर भगत, डॉ सुमंत, रनसीम अख्तर, मुरारी गोस्वामी, यूनुस अंसारी, कुणाल अभिषेक, समेत बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।

# चतरा सांसद सुनील सिंह को ग्रामीणों का खुला आमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा कामता पंचायत के चटुआग गांव को चतरा के सांसद सुनील सिंह के द्वारा 2017 में गोद लिया गया था। परंतु 2018 के बाद से चंदवा के चटुआग गांव में आज तक नही गए है। तब ग्रामीणों ने पत्र के माध्यम से कहा है। कि पत्र के यह बात किसी से नहीं कहेंगे, चिरोखाड़ पुनः आ जाईये माननीय सांसद महोदय। 26 जनवरी 2018 को ग्राम चटुआग के टोला चिरोखाड़ में झंडोत्तोलन करने के बाद आप कि नजर गांव वासियों की नहीं पड़ी है। गांव वाले कुछ नहीं मांगेगे, लौटकर आ जाईये माननीय सांसद महोदय। बदबूदार पानी पी लेंगे, पानी के लिए उफ नहीं करेंगे, हमे मत भुल जाईये सांसद महोदय। खटिया डोली में अस्पताल आ जाएंगे, सड़क नहीं मांगेगे सांसद महोदय। खुले आसमान में रह लेंगे घर का नाम जुबान तक नहीं लाएंगे सांसद महोदय। सब गलती हमारी थी लौटकर पुनः आ जाईये सांसद महोदय। आपके साथ मिलकर 26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस को झंडोत्तोलन करने कि मनोकामना है चिरोखाड़ आ जाईये सांसद महोदय। चिरोखाड़ के ग्रामीण माननीय सांसद महोदय को ढुंढ रहे हैं 26 जनवरी 2023 को चिरोखाड़ में झंडोत्तोलन के लिए यह मैसेज खबर माननीय सांसद महोदय तक पहुंचाने की अपील है। बताते चले कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर देश के सभी सांसदो ने अपने क्षेत्र के एक गांव को गोद लेने का काम किया था। और मोदी जी ने यह भी कहा था।कि गोद लेकर उस गांव को विकसित करने का काम करेंगे। परंतु चतरा सांसद 2018 में तिरंगा फहराने के बाद आज तक अपने लिए गए गोद गाँव मे गया ही नही। जिससे ग्रामीणों के द्वारा आमंत्रण पत्र पूरे शहर में बाट कर सांसद सुनील सिंह को कहा है।कि आपसे कुछ नही मांगेगे परंतु एक बार चंदवा के चिरोखाड़ गाँव मे आने का कस्ट करे। वही गाँव कि हालात इतनी खराब है। कि ग्रामीणों को पानी भी स्वच्छ नही मिलता है। शहर अपने के लिए सड़क अच्छे नही है। ग्रामीण ऐसे जन प्रतिनिधि से आहत हो कर खुला आमंत्रण पत्र भेज रहे है।

# आशीर्वाद टाना भगत के बताये मार्ग पर चलकर करेंगे क्षेत्र का विकास : नीरू शांति भगत

**स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत को आजसू पार्टी ने किया श्रद्धांजलि अर्पित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुड़ू/लोहरदगा।** जिले के कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बंधुवा गांव में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत की जयंती आजसू पार्टी स्वतंत्रता सेनानी के वंशजों और आदिवासी समुदाय के संयुक्त तत्वावधान में भावभीनी तरीके से स्वतंत्रता सेनानी के चित्र पर माल्यापर्ण कर मनाई गई। इधर स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत की जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी सह विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह आजसू पार्टी महिला मोर्चा की केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत के सपने को साकार करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत आंदोलनकारी के साथ-साथ समाज हित में अपनी बेहतर पैठ रखते थे उनके कुशल नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य में आदिवासी समुदाय को एक बेहतर पहचान मिली। आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत के बताए हुए मार्ग पर चलकर लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास किया जाएगा। इधर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह पूर्व विधायक प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने कहा कि आशीर्वाद टाना भगत आदिवासियों के मसीहा थे जिनके बदौलत आज आदिवासी समुदाय के लोग निर्भीक होकर अपना जीविकोपार्जन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत के बताए रास्ते पर चलकर क्षेत्र में एक बेहतर समाज का निर्माण करने का कार्य करेगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान,जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरी, उपाध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल, महिला जिला अध्यक्ष अनिता साहू, केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी, प्रमुख मुनी उरांव, लोहरदगा प्रखंड सचिव हेमंती देवी आशीर्वाद टाना भगत के वंशज के परिवार से देवी भगत रमेश बैठा सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद थे।

# राज्य में बालू को लेकर हाहाकार, बेरोजगार हो रहे मजदूर : अभय महतो

**बालू की परेशानी को जल्द दूर नहीं हुई, तो जदयू करेगा राज्यव्यापी आंदोलन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगाः** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव अभय महतो ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि लोहरदगा जिला सहित पूरे राज्य में बालू को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। सालाना करीब 300 करोड़ से अधिक का राजस्व देने वाले इस सेक्टर पर माफिया राज कायम है। यही वजह है कि हर दिन बालू के दामों में मनमाने ढंग से बढ़ोतरी किये जा रहे हैं। किल्लत के बीच मनमाने दामों पर बिक रहे बालू के कारण निर्माण कार्य खासा प्रभावित हुआ है। सरकारी निर्माण कार्य के साथ-साथ आम लोग जो घर बनाने के लिए बालू खरीदना चाह रहे हैं उन्हें भी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार बालू उठाव पर रोक लगा रखी है, तो दूसरी तरफ बड़े-बड़े निर्माण कार्य के टेंडर निकालने की प्रक्रिया जारी हैं। बालू की इस किल्लत का असर सरकारी निर्माण कार्य पर भी पड़ा है। सिर्फ इतना ही नहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे गरीबों के आशियाने के निर्माण कार्य बाधित हो गये हैं। सरकारी आंकड़ों में राज्यभर में कुछ बालू घाट ही वैध रूप से चल रहे हैं, जबकि राज्य में अनाधिकृत रूप से इनकी संख्या हजारों में हैं। अनाधिकृत रूप से हो रहे बालू खनन में दलाल और माफिया की मिलीभगत का खामियाजा आम जनता उठा रही है। हालत यह है कि 90 सीएफटी का एक ट्रैक्टर बालू 7 से 8 हजार रुपए तक में मिल रहा है। सरकार ने इसपर रोकथाम लगाने के लिए सभी बालू घाटों का जिले के माध्यम से टेंडर निकालकर नीलाम करने का फैसला तो लिया है, लेकिन अब भी अधर में लटके हैं। जदयू महासचिव महतो ने कहा है कि बालू संकट से मजदूर बेरोजगार हो रहे हैं। निर्माण क्षेत्र सर्वाधिक रोजगार देनेवाला क्षेत्र है। झारखंड में 15 लाख से अधिक दैनिक मजदूर और कारीगर इस क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। बालू संकट की वजह से एक के बाद एक बंद हो रहे प्रोजेक्ट का असर मजदूरों पर भी पड़ा है। काम बंद होने से मजदूरों को खाली हाथ घर लौटना पड़ रहा है। लोहरदगा समेत रांची के करीबी क्षेत्र से प्रतिदिन रांची इस उम्मीद से हजारों मजदूर आते हैं कि उन्हें जरूर काम मिलेगा। मगर उनकी उम्मीद रांची में सड़क किनारे घंटों खड़े रहने के बाद टूट जाती है। कई अपने घर निर्माण कराने वाले मालिकों ने बालू नहीं मिलने की वजह से काम बंद करने की बात कहकर मजदूरों को वापस जाने को कह दिया है। इन सबके बीच बालू को लेकर मचे हाहाकार पर सरकार और विभाग अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं कर पायी है। विभाग के गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी में अथाह बढ़ोतरी हुई है। साथ ही निर्माण कार्य खासा प्रभावित हुआ है। महतो ने भी सरकार और विभाग को चेतावनी देते हुए कहा है कि बालू को लेकर हो रही परेशानी को जल्द दूर नहीं किया गया, तो राज्यव्यापी आंदोलन होगा।

## बाजार शेड से गिरने पर सेन्हा के युवक की मौत

सेन्हा-लोहरदगा। पूसो थाना क्षेत्र के लरंगो बाजार में शेड से गिरने पर सेन्हा निवासी राधेश्याम ठाकुर उर्फ बबलू ठाकुर का शनिवार देर शाम घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी। बताया जाता है कि लोहरदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा निवासी रामदास ठाकुर का पुत्र राधेश्याम ठाकुर गाँव के ही किसान के साथ धनिया बेचने गुमला जिला अन्तर्गत पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो बाजार गया हुआ था। वहीं धनिया बेचना छोड़कर शराब पीने चला गया। देर शाम घर लौटने के समय सेन्हा निवासी चन्द्रशेखर महतो व उसके साथी खोजने लगें तो राधेश्याम ठाकुर का कही पता नहीं चला जिसके बाद चन्द्रशेखर महतो और अन्य साथी घर लौट कर परिजनों को बताया कि राधेश्याम कही शराब पीने चला गया था। जिसे काफी खोजे परन्तु वह नहीं मिला जिस पर परिजन भी खोजबीन में जुट गये। वहीं ग्रामीणों द्वारा रविवार को शव मिलने की सूचना पर पुसो पुलिस घटना स्थल पँहुच शव को कब्जे लेते हुए शिनाख्त कराने में जुट गई थी। राधेश्याम ठाकुर के घर वालों को पुलिस के माध्यम से सूचना मिला जिसे परिजन ने पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो बाजार पँहुच कर राधेश्याम ठाकुर उर्फ बबलु ठाकुर के रूप में शव का शिनाख्त किया गया। वहीं जानकारी देते हुए पुसो थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मौत होने का प्रथम दृष्टया शराब सेवन एवं 4 फिट ऊँचाई से गिरने पर होने की प्रतीत हो रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि परिजनों द्वारा शव का शिनाख्त सेन्हा निवासी रामदास ठाकुर के पुत्र राधेश्याम उर्फ बबलू ठाकुर के रूप में किया गया और मृतक के परिजनों के अनुसार मृतक शराब सेवन करने का आदि था। इसके बाबजूद पुसो थाना प्रभारी ने कहा कि सभी बिंदुओं पर जांचोपरांत ही नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए चौकीदार एवं परिजनों के निगरानी में पोस्टमार्ट करवाने हेतु गुमला सदर अस्पताल भेजा दिया गया है।

## झामुमो नेता सह बीस सूत्री सदस्य ने गरीबों के बीच बांटे कंबल



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य लोहरदगा मुकेश कुमार साहु के द्वारा सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जुरिया के विभिन्न गांवों में दर्जनभर गरीब असहाय एवं वृद्ध परिवार वालों के बीच कंबल वितरण कर राहत कार्य पहुंचाने का कार्य किया गया। इधर झामुमो नेता सह बीस सूत्री सदस्य मुकेश कुमार साहु ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य की जनता को सुरक्षित जीवन प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाने का विशेष कार्य कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। झामुमो नेता सह बीस सूत्री सदस्य मुकेश कुमार साहु कहा कि सदर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत जुरिया के विभिन्न गांवों में जरूरतमंद लोगों के बीच दर्जनभर से अधिक कंबल वितरण कर राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया है। आगे भी लोगों की समस्याओं को सूचीबद्ध कर यथाशीघ्र निपटारा कराने का प्रयास रहेगा। इधर मुकेश कुमार साहू के हाथों कंबल पाकर गरीब असहाय एवं जरूरतमंद परिवार वालों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दिया। लोगों ने झामुमो नेता सह बीस सूत्री सदस्य मुकेश कुमार साहु के सराहनीय पहल की प्रशंसा की है।

## गणतंत्र दिवस को लेकर बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में बैठक



बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गणतंत्र दिवस को लेकर एक आवश्यक बैठक की गयी। इस बैठक में बालूमाथ वीडियो सुश्री राजश्रीललिता बाखला की अध्यक्षता में रखी गयी। इस बैठक में झंडात्तोलन को लेकर समय सारणी का सहमति से निर्णय लिया गया। एक बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय 7.45 प्रखंड कार्यालय सभी पंचायत मुख्यालय 8:00 बजे सभी बैंक अस्पताल 8.15 पशु चिकित्सा बालूमाथ 8.25 पेंशनर समाज 8.30, यह जे एम एम कार्यालय 8.35 शहीद चौक 8.40 भाजपा कार्यालय 8.45 पंचायत भवन 8.45 कांग्रेस कार्यालय 8.50 थाना बालूमाथ 9:00 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 9.05 सभी सरकारी गैर-सरकारी विद्यालय 9.10 कस्तूरबा विद्यालय 9.10, हिन्द भारतीय कार्यालय 9.15 बीआरसी 9.20 राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय 9.35 जिला परिषद कार्यालय 9.40 वेलफेयर सोसाइटी 9.50 उच्च विद्यालय 10:00 बजे झंडोत्तोलन का कार्यक्रम रखा गया है इस बैठक में प्रमुख ममता देवी हाई स्कूल टेन प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ रुबी बानो पंचायत सेवक गोपाल सिंह सुरेश यादव सुमित सिन्हा आंगनबाड़ी सुपरवाइजर विमला देवी कामिनी कुमारी, पशुपालन विभाग कृषि पदाधिकारी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने पर चार युवकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

सेन्हा-लोहरदगाः सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत एकागुड़ी में शुक्रवार सुबह बालू माफियाओं के द्वारा पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करते हुए पकड़े गए ट्रैक्टर को लेकर फरार करवाने के मामला पर सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के लिखित बयान पर चार नामजद के खिलाफ धक्का-मुक्की करने एवं सरकारी काम में बाधा पहुंचाने तथा अल्टो कार से रेकी करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले में लोहरदगा थाना क्षेत्र के निगनी निवासी बहुरा साहू के पुत्र बजरंग साहू,शिव शंकर साहू के पुत्र संदीप कुमार साहू, सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू निवासी किशन उरांव के पुत्र राजकुमार उरांव तथा मेढो निवासी सह ट्रैक्टर चालक ब्रिज उरांव के पुत्र कमलेश उरांव के विरुद्ध कांड संख्या 14 /2023 दर्ज कर धारा 341, 330, 342,353, 506,379,411,504 एवं 34 भादवी के तहत मामला दर्ज कर सेन्हा थाना पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गयी। बताया जाता है कि शुक्रवार को सुबह पुलिस द्वारा अंचलाधिकारी को बालू की अवैध परिवहन मेढ़ो कोयल नदी से होने की सूचना देते हुए सेन्हा थाना पुलिस निकली थी। तभी एकागुड़ी मैदान के पास अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को रोक कर चलान की मांग की गयी। चलान नहीं दिखाने पर ट्रैक्टर में पुलिस जवान को बैठा कर थाना लाया जा रहा था कि तभी अल्टो 800 कार नंबर डब्लू बी 2डी 1999 में सवार 3 लोगों ने रेकी करते पुराना बालू डंपिंग यार्ड के पास रोक कर पुलिस जवान के साथ धक्का-मुक्की करते हुए बालू को ट्रैक्टर से गिराकर ट्रैक्टर खेत के रास्ते लेकर भाग गया तथा सेन्हा थाना पुलिस वाहन को देख कार को छोड़कर कार सवार फरार हो गया।

## ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

लोहरदगा। लोहरदगा के कुडू में बालू के अवैध खनन की सूचना मिलने पर छापेमारी टीम भ्रमण कर रही थी। जिसकी सूचना बालू घाट से बालू लोडकर रहे ट्रैक्टर चालकों को मिल गयी। इस पर ट्रैक्टर चालक भागने लगे। इस क्रम में एक ट्रैक्टर पलट गया। उसमें दबकर एक चालक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान कोलसिमरी निवासी मंगरा उरांव का 24 वर्षीय पुत्र पुनीत उरांव के रूप में किया गया है। घटना कुडू थाना अंतर्गत कोलसिमरी के बालू घाट में 22 जनवरी को घटी। जानकारी के अनुसार बालू की रोकथाम को लेकर माइनिंग की छापेमारी टीम भ्रमण कर रही थी। इसकी सूचना ट्रैक्टर मालिकों को मिली। उन्होंने वे अपने ड्राइवरों को सूचित कर नदी से गाड़ी हटाने को कहा। इसके बाद बालू घाट स्थित सभी गाड़ी को भगाने लगे। सभी को भागता देख पुनीत उरांव भी गाड़ी लेकर भागना चाहा। इस दौरान बालू घाट में ही गाड़ी पलट गयी। गाड़ी पलट जाने से उसी में दबकर चालक की मौके पर मौत हो गयी।

## गुमला जिला में माओवादी बंदी में खुले रहे प्रतिष्ठान, थमे रहे पहिये



**गुमला (आजाद सिपाही)।** माओवादी बंद की मात्र उड़ती हुई सूचना पाकर गुमला शहर में दिनभर बंदी की चर्चा होती रही। हालांकि व्यापारिक प्रतिष्ठान तो खुले रहे, लेकिन जिला मुख्यालय के बस पड़ाव से इक्का-दुक्का छोड़ बसें नहीं चलीं। वहीं प्रखंड मुख्यालय इस बंदी की सूचना पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों कुछ हद तक खुले रहे लेकिन परिवहन सेवा पूर्णतः बंद होने की खबर सामने आयी है। माओवादी बंद को लेकर स्पष्ट सूचना नहीं होने से शहर और प्रखंड मुख्यालय में भी बंद का असर देखने को नहीं मिला। बसों के परिचालन प्रभावित होने पर यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। साथ ही बस पड़ाव के आसपास यात्री इधर-उधर घूमते दिखाई दिये। निजी वाहन व आटो ही यात्रियों के लिए सहारा बने। इधर पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए सुरक्षा के इंतजाम किए थे। बस स्टैंड व तमाम चौक चौराहों पर पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई थी। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

## जिला महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष हेमावती देवी लकड़ा ने दिया इस्तीफा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष हेमावती देवी लकड़ा ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने इस आशय का एक पत्र गुमला जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष को सौंपा है। इस पत्र में उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि पहली जनवरी वर्ष 2023 को उनके घर चोरी हो गई थी, लेकिन किसी कांग्रेसी ने उनके परिवार की सुध नहीं ली। वह इस बात से अधिक मर्माहत हैं कि जिस पार्टी के सदस्यों को उनके इस दुख में शरीक होना चाहिए था वह इस घटना का दुष्प्रचार कर रहे हैं। जिसके कारण वे अपना उपाध्यक्ष पद त्याग रही हैं। उन्होंने पत्र में लिखा कि जिला कमेटी में वे वर्त्तमान में उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए पार्टी कार्य का निर्वहन करते आ रही थीं। उनके घर चोरी की बड़ी घटना घट गई है। जिससे उनका परिवार पूरी तरह से परेशान है। वे इस समय मानसिक दबाव महसूस कर रही हैं। पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं के द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है, जिससे वे और उनका परिवार मर्माहत है। उन्होंने पार्टी सदस्यों से आग्रह किया कि दुष्प्रचार करने से पूर्व पुलिस से उन्हें पूरी जानकारी ले लेनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा इसी तरह दुष्प्रचार चलता रहा तो वे एक आदिवासी महिला हैं और वे बाध्य होकर कानूनी कार्रवाई भी कर सकती हैं। इस घटना के बाद पार्टी के कोई भी छोटे-बड़े नेताओ ने कोई सुध लेने का प्रयास नहीं किया। इससे उनका परिवार काफी दुखी है। इसलिए वे इस समय जिला महिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष पद का त्याग कर रही हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वे हमेशा कांग्रेस को अपना योगदान करती रही हैं और भविष्य में भी करती रहेंगी। उन्होंने हमेशा कांग्रेस की सिपाही बने रहने की बात कही।

## नाबालिग छात्रा का मां बन जाना आश्चर्यजनक, दोषी पर हो कार्रवाई : रमेश चीनी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने नाबालिग छात्रा द्वारा बच्चे को जन्म देने के मामले में आश्चर्य प्रकट किया है। उन्होने कहा है कि इस घटना से वे अंदर तक दुखी हैं। चाचा-भतीजी के पवित्र रिश्ते को कलंकित करते हुए चाचा द्वारा ऐसा कृत्य शर्मनाक और अक्षम्य है। इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जरूरत है। कहा है कि जांच के लिए गठित कमेटी यथाशीघ्र जांचपोरांत रिपोर्ट सौंपे और प्रशासन गंभीरता पूर्वक दोषी को सजा दिलाने का काम करे। उन्होंने कहा कि पढ़ने की उम्र में नाबालिग का मां बनना यह दर्शाता है कि आज भी हमारे समाज में जागरूकता की कमी है। लोग आज भी भोली भाली बच्चियों की इज्जत को तार-तार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसकी रोकथाम के लिए जहां स्वच्छ जांच कर दोषियों को कठोर सजा दिलाने की जरूरत है वहीं इसके लिए भी व्यापक प्रचार-प्रसार कराना भी जरूरी है।

## सरना प्रार्थना सभा पालकोट प्रखंड समिति का गठन, कमलेश बारला बने अध्यक्ष



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट के दोरदोरो टोली के गुमी सरना स्थल में सरना प्रार्थना सभा प्रखंड समिति का गठन किया गया। जिला सरना प्रार्थना सभा के लोग व स्थानीय लोगों के सहयोग से समिति का गठन किया गया। जिनमें अध्यक्ष कमलेश बारला, कोषाध्यक्ष सोमरा कुजूर, कार्यकारी अध्यक्ष सरिता मिंज और कई लोगों को सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया। मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश बारला ने कहा कि मुझे जो भी दायित्व मिला उसको हरसंभव पूरा करूंगा और समाज के प्रति निष्ठावान बना रहूंगा। मौके पर जिला सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष सुशील केरकेट्टा, राजवंती उरांव, फकीरचन्द भगत, मुनेश्वर उरांव, चन्द्रदेव उरांव, गुडविन, सतेंद्र, ललित उरोव, राजेन्द्र उरांव, संजय उरांव, कमलेश बारला के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** सूड़ी समाज महिला मोर्चा का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित

# समाज में महिलाओं की भागीदारी भी पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर होनी चाहिए : खुशबू साहू

**इस कार्यक्रम में जिले के तमाम प्रखंडों से महिलाएं काफी संख्या में शामिल होकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकेत दिया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सूड़ी समाज गुमला कि महिला मोर्चा का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम बसिया प्रखंड के बाघमुंडा में सम्पन्न हुआ। मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए महिला जिलाध्यक्ष खुशबू साहू ने कहा कि समाज की महिलाओं ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि है कि हम इस देश और समाज की आधी आबादी हैं, इसलिए समाज के उत्थान में महिलाओं की भागीदारी भी पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर होनी चाहिए। साथ ही कहा कि इस कार्यक्रम में जिले के तमाम प्रखंडों से महिलाएं काफी संख्या में शामिल होकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकेत दिया है। हम सूड़ी समाज को उचित हक दिलाने में हर संभव मदद के लिए संकल्पित हैं। इस कार्यक्रम में गुमला सूंडी समाज की महिलाओं ने सामाजिक एकता का परिचय दिया, जो समाज के लिए गौरवान्वित क्षण है। महिला मोर्चा ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बसिया प्रखंड कमेटी का बहुत सहयोग रहा।



### वरिष्ठ पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

इसके पूर्व महिला अध्यक्ष द्वारा विशेष रूप से आमांत्रित जिला कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ और माला पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव हिना देवी, जिलाध्यक्ष सूरज साहू, डॉक्टर सौरभ प्रसाद, संदीप साहू, दिलीप नाथ साहू, बद्री गुलशन, अनिल साहू, मनोज साहू, आनंद साहू, दीपांकर साहू, मनीष साहू, गौतम साहू, भुनेश्वर साहू, बिजयंत कुमार गुप्ता, धनेश्वर साहू, अमित साहू, तुलेश्वर साहू, हेमंत साहू, बजरंग साहू, ज्योति प्रकाश गुप्ता व महिला मोर्चा की सदस्य व समाज की महिलाएं उपस्थित थे।

## गुमला का मजदूर मुंबई से गायब, परिजन हलकान

**सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान ने जिला प्रशासन व प्रवासी श्रमिक विभाग गुमला को इसकी सूचना दी है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** रोजी-रोटी की तलाश में गुमला से मुंबई तक पहुंचे प्रवासी मजदूर के अचानक गायब हो जाने का मामला है सामने आया है। गुमला जिला अंतर्गत रायडीह प्रखंड के हरगढ़ा सिकोई गांव का रहने वाले इस मजदूर का नाम जेवियर टोप्पो बताया जा रहा है। जिसकी उम्र तकरीबन 41 वर्ष बतायी जा रही है। मजदूर के पिता का नाम इसदौर टोप्पो है।

जेवियर इसी वर्ष के 18 जनवरी को राउरकेला से ट्रेन का सफर कर मुम्बई मजदूरी करने पहुंचा था।

परिजनों ने बताया कि वह मुम्बई दादर रेलवे स्टेशन पर उतरा था और 19 जनवरी को रात लगभग एक बजे रेलवे स्टेशन से ही लापता हो गया। चिंता की बात तो यह है कि मजदूर जेबियर के पास कोई फोन नहीं है और ना कोई जानकारी है।

पत्नी व परिजनों ने इस संबंध में मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान एवं जिलाध्यक्ष महिला टीम सुनीता कुमारी से मिलकर जेवियर को ढूंढ निकालने की गुहार लगायी है। पत्नी बिमला टोप्पो ने कहा कि जेवियर ही उनके घर का एकमात्र सहारा है। एक बेटा है जिसकी उम्र लगभग 12 साल है और पांचवीं कलास में पढ़ाई करता है। ऐसे में मजदूर जेबियर टोप्पो का गायब होना चिंता का विषय है।

पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जुमन खान ने जिला प्रशासन व प्रवासी श्रमिक विभाग गुमला को इसकी सूचना दी है।

## लड़की देखने गये परिवार का ऑटो पलटा, एक ही परिवार के छह लोग हुए घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**तीन को गंभीर चोट आने पर किया गया सदर अस्पताल रेफर**

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के बेती मोड़ के निकट एक ऑटो पलट जाने से एक ही परिवार के 6 लोग घायल हो गए। जिसमें तीन लोगों को गंभीर चोटें आई है। उन्हे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है। जबकि तीन को प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार लोदाम छत्तीसगढ़ निवासी लगभग 50 वर्षीय कैलाश मांझी व उसकी पत्नी संध्या देवी व उसका 6 वर्षीय पुत्र पवन मांझी व परिवार के अन्य लोग घाघरा थाना के जमगई गांव कैलाश मांझी के पुत्र के लिए लड़की देखने के लिए गए थे। जहां से वापसी के क्रम में रविवार की दोपहर बेती मोड़ के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए,जिसे आनन-फानन में परिजनों द्वारा इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया।जहां डाक्टरों की देखरेख में तीनों का इलाज किया जा रहा है। वहीं ऑटो में सवार परिवार के अन्य तीन लोगों को हल्की चोटें आई है जिसे घाघरा उप स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। वही डॉक्टर ने बताया कि बच्चे का बाया हाथ टूट गया है और पति पत्नी दोनों के सर व पैर में गंभीर चोट आई है।

## रायडीह प्रखंड में बंदी असरदार रही

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में भाकपा माओवादी की बंदी का जबरदस्त असर पूरे प्रखंड में रहा। माओवादी बंदी को देखते हुए प्रखंड के व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठान को बंद रखे। बंद का आलम यह था कि आम दिनों में छोटे-बड़ेवाहनों से गुलजारसड़कें रविवार को सूनी थीं। बसों का परिचालन भी बंद था। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस जगह-जगह मुस्तैद रही। समाचार लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

## लरंगो बाजार टांड़ के शेड के समीप ग्रामीण का शव बरामद

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो बाजार टांड़ स्थित शेड के समीप सेन्हा गांव निवासी रामदास ठाकुर के पुत्र राधेश्याम ठाकुर का शव रविवार सुबह पुसो पुलिस ने बरामद किया। मृतक शनिवार को अपने गांव के चन्द्रशेखर महतो के साथ लरंगो बाजार धनिया बेचने आया था। शाम करीब 5 बजे धनिया बेचकर व शराब पीने चला गया। उसके नहीं लौटने पर चन्द्रशेखर व परिजनों के काफी खोजबीन के बाद भी राधेश्याम का कोई पता नहीं चला। घटना के बावत थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता ने बताया कि प्रथमदृष्टया नशे की हालत में अत्यधिक उंचाई से गिरने व नाक से अत्यधिक ब्लड निकलने से मृत्यु होना प्रतीत होता है। परिजनों के अनुसार मृतक अत्यधिक शराब का सेवन करता था।

## पालकोट प्रखंड में बंदी का रहा मिला-जुला असर

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में भाकपा माओवादी बंदी असरदार रही। बंद के दौरान दवा व आकस्मिक सेवा छोड़ कर क्षेत्र के व्यावसायिक प्रतिष्ठान, यातायात व लोगों का आवागमन लगभग बंद रहा। कहीं कहीं इक्के दुक्के वाहन व ट्रक का परिचालन होता रहा। रविवार व अवकाश के कारण सरकारी कार्यालय, बैंक आदि बंद रहे। आज सप्ताहिक बाजार पोजेंगा में बहुत कम लोग नजर आये, पर बाजार लगा था। लोगों का आना-जाना लगा था।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर किया गया विचार-विमर्श



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** छोटानागपुरीया तेली उत्थान समाज की एक आवश्यक बैठक घाघरा प्रखंड के चपका स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में रविवार को प्रखंड अध्यक्ष शिवनारायण साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन विस्तार व आगामी 15 फरवरी को होने वाले सामूहिक विवाह और वार्षिक तेली जतरा की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रवक्ता विजय साहू ने सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम में प्रदेश कमेटी के द्वारा दिए गए निर्देश से समाज के सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने यह भी बताया कि समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने को लेकर के सजग होना चाहिए। इसके लिए युवाों को आगे आना होगा। बैठक में प्रखंड उपाध्यक्ष सुख सागर साहू, नंदलाल साहू, कोषाध्यक्ष श्याम साहू, सचिव पवन साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष कुंती देवी, सीमा देवी सचिव, शीला देवी व कोषाध्यक्ष राजेश्वरी देवी को बनाया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष शिव नारायण साहू, राम साहू, राजेश साहू, सुदामा साहू, प्रवीण साहू, दिलीप कुमार साहू, भुनेश्वर साहू, नंदलाल साहू, अमित साहू, पवन साहू, परमेश्वर साहू, प्रमिला देवी, शीला देवी, सावित्री देवी, प्यारी देवी, यमुना देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बसिया प्रखंड झारखंड चिक बड़ाईक उत्थान समिति का वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** पर्यटक स्थल बाघमुंडा में झारखंड चिक बड़ाईक उत्थान समिति प्रखंड बसिया का वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आये समाज के गण्यमान्य लोगों द्वारा समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विषयों पर अपनी बात रखते हुए समाज के उत्थान के संबंध में उसे अमल में लाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में सामाजिक जनगणना में सभी को सहयोग करने की बात भी कही गयी। समाज के सीताराम बड़ाईक द्वारा कहा गया कि समाज की समस्याओं को जो राजनीतिक पार्टी और सरकार दूर करेगी समाज उसी के साथ खड़ा रहेगा। मंच संचालन श्याम सुंदर बड़ाईक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भानु प्रताप बड़ाईक, मुख्य कार्यक्रम आयोजक लालू बड़ाईक, अध्यक्ष गोपाल बड़ाईक, मनोज बड़ाईक, कार्यकारी अध्यक्ष सीताराम बड़ाईक, श्याम सुंदर बड़ाईक, शंभु बड़ाईक, अमृता देवी, अनिता देवी, वीर वंशीपाल बड़ाईक, जगरनाथ बड़ाईक, छटू बड़ाईक, राजेश बड़ाईक, समरू बड़ाईक, नारायण बड़ाईक, दिनेश बड़ाईक समेत समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

## हर बूथ में मोदी सरकार की विफलताओं को बतायेगी युवा कांग्रेस : आजाद अंसारी




**भरनो (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला युवा कांग्रेस द्वारा भरनो प्रखंड में रविवार को युवा कांग्रेस अध्यक्ष जुगल उरांव के नेतृत्व में किसान भवन में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी उपस्थित हुए। उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए आजाद अंसारी ने कहा कि आने वाले चुनाव में युवाओं की भूमिका अहम है। सभी बूथ में दस दस युवाओं को युवा कांग्रेस जोड़ने का काम करेगी। केंद्र सरकार की नाकामियों को हर बूथ में युवा कांग्रेस बताने का काम करेगी। युवा आज बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। किसान व्यापारी महंगाई की मार झेल रहे हैं और केन्द्र की मोदी सरकार नींद में सो रही है। आने वाले चुनाव में देश की जनता इसका जवाब देगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अशीषनाथ शाहदेव, युवा अध्यक्ष जुगल उरांव, सिसई विधानसभा अध्यक्ष नीलेश उरांव, जिला महासचिव बसंत उरांव, मोख्तार आलम, शशिभूषण उरांव, कृष्णा उरांव, दुबराज, शेख अब्दुल्ला, संजय गोप, बिंदेश्वर उरांव, मंटू तिर्की सहित कई युवा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता :** दो दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

# खेल बैंक से खिलाड़ियों को उपलब्ध करायी गयी खेल सामग्री

**जिला प्रशासन सभी खेलों को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों के प्रतिस्पर्धा को बेहतर करने को लेकर लगातार प्रयासरत है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जिला प्रशासन की ओर से दो दिवसीय जिला स्तरीय बेडमिंटन प्रतियोगिता 2023 का आयोजन इंडोर स्टेडियम गुमला मे किया गया। जिसमे जिले के विभिन्न विद्यालयों के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। लगभग 200 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता में भाग लिए खिलाड़ियों को खेल बैंक से खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज़िला शिक्षा पदाधिकारी गुमला एवं जिला खेल पदाधिकारी गुमला उपस्थित रहे। दोनों पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। जिसमें 25 खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान आने पर गोल्ड सिल्वर और ब्रांज मेडल देकर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

टूर्नामेंट का आयोजन विभिन्न कोटियों के लिये किया गया था एकल में प्रथम स्थान जावेद अली, द्वितीय स्वामी कुमार, तृतीय स्थान संजय भगत ने प्राप्त किया एवं बालिका वर्ग में प्रथम हिमानी उरांव, द्वितीय शिवानी उरांव एवं तृतीय स्थान आरती कुमारी ने प्राप्त किया।

उपायुक्त के निर्देशानुसार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन हेतु इस प्रकार का टूर्नामेंट का प्रखंड स्तर पर भी नियमित रूप से आयोजन कराया जायेगा।

जिला प्रशासन सभी खेलों को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों के प्रतिस्पर्धा को बेहतर करने हेतु लगातार प्रयासरत है। आने वाले दिनों में गुमला जिले से बेडमिंटन के भी खिलाड़ी राष्ट्र स्तर पर जाकर अपना परचम लहराएंगे, इस उद्देश्य से इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

सभी ज़िले वासियों के खिलाड़ियों से अपील है कि अधिक से अधिक खिलाड़ी खेलें और खेल बैंक की सामग्रियों का इस्तेमाल करें और अपनी प्रतिस्पर्धा को नयी उड़ान दें। ज़िला प्रशासन की ओर से खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिए हरसंभव सहायता प्रदान की जायेगी।

## सदान विकास पार्टी संगठन का किया गया विस्तार, सुनील कुमार भगत बने जिला अध्यक्ष

**झारखंड के सदानों को राज्य के सभी राजनैतिक दलों ने ठगने का काम किया है : डॉ राजेन्द्र साहू**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** सदान विकास पार्टी की बैठक रविवार को माघी बगीचा में जिलाध्यक्ष सुनील कुमार भगत की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र साहू शामिल रहे। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ साहू ने कहा कि कि झारखंड राज्य में 77 प्रतिशत सदान निवासी हैं। झारखंड के सदानों को राज्य के सभी राजनैतिक दलों ने ठगने का काम किया है। सदान बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद बिना ओबीसी आरक्षण के पंचायत चुनाव कराया गया। इस पर राज्य के सदान समर्थित विधायकों-सांसदों ने कोई विरोध नहीं किया। सदानों, मूलवासीयों, दलित पिछड़ा वर्ग, हरिजन बैकवर्ड-फारवर्ड, सर्व जातियों, सर्व धर्मावलंबियों के सभी लोगों के लिए सदान विकास पार्टी लड़ रही है। सदानों के हितों की रक्षा के लिए आगामी लोकसभा-विधानसभा चुनावों में सदान विकास पार्टी के उम्मीदवारों को अपना वोट देकर विजयी बनायें। ताकि हम एकल पद आरक्षण मुक्त, झारखंड व आपके बच्चों के पठन पाठन, रोजगार, नौकरियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, निशुल्क बिजली, पानी, सड़क दुरुस्त होगी, पार्टी डोर टू डोर कार्यक्रम चला रही है। सदस्य बनें सहयोग करें। हमारी लड़ाई राज्य सरकार की गलत तरीके से आदिवासी मूलवासी की एकता को विखंडित करने को लेकर है, यदि सदान विकास पार्टी सत्ता में आयी तो हम पुनः एकल पद आरक्षण मुक्त कर इन कमियों को दूर करेंगे।

बैठक में पार्टी का संगठन विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील कुमार भगत, सचिव जुबेर अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष ज्योति रंजन सिंह, उपाध्यक्ष अनुज कुमार साहू, सचिव राम कुमार साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष कृष्णा कुमार साहू, सचिव लालधर साहू, मुख्य संरक्षक रामचरित्र सिंह, मनीजर साहू, उल्फत हुसैन, जिला संगठन मंत्री सुदेश साहू को मनोनीत किया गया।

